





## एक नजर में

### शिक्षक दिवस पर ग्राम पंचायत झांकर्डा द्वारा किया शिक्षकों का सम्मान



**झांकर्डा।** ग्राम पंचायत झांकर्डा के सरपंची पवित्राबाई– बालेश्वर पाटीदार एवं उप सरपंच विष्णुबाई–भंवरलाल परमार एवं गांव वासियों द्वारा शिक्षक दिवस पर गांव के सेवा निवृत्त शिक्षक नागुलाल बड़गोत, मांगीलाल गोड़, भगवान लाल परमार, एवं शाला प्रभारी गणपत लाल डांगी एवं किशोर कुमार सांवलिया, अतिथि शिक्षक राकेश पालीवाल, एवं अभिषेक सोलंकी आदि का प्रशस्ति पत्र शिल्ड शाल–श्रीफल, पुष्पहार से सभी शिक्षकों का सम्मान किया गया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत के सचिव किशोर राव, विरेंद्र शर्मा, मुकेश पाटीदार, अम्बालाल पाटीदार राधेश्याम पाटीदार, भरत, दिनेश, शम्भु सिंह, बंशीलाल, महेश, देविलाल, शंभुलाल, रामनारायण, यशवंत सिंह, भेरुसिंह, परशराम एवं समस्त ग्रामवासी उपस्थित थे।

### नवीन आवेदन लेने की प्रक्रिया पूर्णत : बंद है

**मंदसौर।** जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास बी. एल. विश ?नाई द्वारा बताया गया कि मंदसौर जिले मे विगत दिनों से कुछ संगठन, यूनियन एवं अन्य लोगो द्वारा गांव एवं शहरों की माता एवं बहनों से लाड़ली बहना योजना के नवीन आवेदन फार्म भरवाने के नाम पर अवैध वसूली किये जाने की सूचना प्राप्त हुई है। तथा फार्म भरने के आवेदन तैयार कर उनको भ्रमित किया जा रहा है। वर्तमान में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के नवीन पंजीयन आवेदन लेने की प्रक्रिया पूर्णत: बंद है, इस योजना के तहत नवीन पंजीयन नही हो रहे है। यदि किसी व्यक्ति या बेनाम संगठन या यूनियन द्वारा मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के संबंध में कोई भ्रामक जानकारी दी जाती है या अवैध वसूली किये जाने का प्रयास किया जाता है, तो इसकी सूचना तत्काल जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग जिला मंदसौर के दूरभाष नंबर 07422–235543 पर दे सकते हैं।

### पेंशनर नागरिक महासंघ की बैठक

**पिपलियामण्डी।** पेंशनर नागरिक महासंघ की मासिक बैठक गांधी चौराह स्थित वाचनालय एवं कार्यालय, गांधी चौराहा पर अध्यक्ष पंकज शर्मा, बंशीलाल कारपेंटर के आतित्य में सम्पन्न हुई। उपाध्यक्ष हरिसिंह यादव ने प्रेरणा गीत प्रस्तुत किया व जिला स्तर से प्राप्त पत्र का वाचन किया व 2 अक्टूबर को होने वाले जिला स्तरीय कार्यक्रम की जानकारी दी। सेवानिवृत प्राचार्य श्यामलाल बोराना ने डॉ. राधाष्णन के जीवन पर प्रकाश डाला, वहीं बालूराम कराड़ा, देवीलाल सेठिया आदि ने भी विचार रखे। वरिष्ठ सदस्य हुकमीचंद कनेरिया ने स्वरचित गीत प्रस्तुत किया। महासंघ के नवीन सदस्य समरथ आर्य, श्रीराम धनोतिया का पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया गया। कन्हैयालाल कारपेंटर ने शिक्षकों पर लिखी रचना सुनाई। इकाई अध्यक्ष पंकज शर्मा ने शिक्षक दिवस पर स्वरचित दोहे प्रस्तुत किए। ।बैठक में संघ के सचिव अमृतलाल जैन, अंबालाल कारपेंटर, रामचंद्र, फौजी भंवरसिंह सैनी, बगदीराम गुप्ता, मदनलाल गुप्ता, राधेश्याम प्रजापति आदि उपस्थित रहे।

## गरोठ थाने में शामिल हुईं दो नई डायल 112 गाड़ियां, अपराध पर होगी पैनी नजर

**गरोठ। अपराधों पर अंकुश लगाने और त्वरित सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से गरोठ थाने को दो नई अत्याधुनिक डायल 112 गाड़ियां मिली हैं। करीब 46 लाख रुपए की लागत से आई ये गाड़ियां अब क्षेत्र में डायल 100 की तरह ही तत्काल पुलिस सेवा उपलब्ध कराएंगी।**

इन गाड़ियों का शुभारंभ शुक्रवार को विधायक चंदर सिंह सिसोदिया ने थाना परिसर में रिबन काटकर एवं पूजन कर किया। कार्यक्रम में नगर परिषद अध्यक्ष राजेश सेठिया, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हेमलता कुरील, एसडीओपी विजय कुमार यादव, थाना प्रभारी हरीश मालवीय, महेंद्र जैन, अनिल मेघवाल सहित पुलिस अमला, पत्रकार व गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

नई गाड़ियों को विशेष सुरक्षा सुविधाओं से सुसज्जित किया गया है। सबसे अहम फीचर यह है कि ड्राइवर की वर्दी पर कैमरा लगाया गया है, जो किसी भी आपराधिक गतिविधि को मौके पर ही रिकॉर्ड करेगा। इससे घटनाओं के सबूत जुटाने में आसानी होगी। इसके साथ ही गाड़ियों में ळच्ै सिस्टम भी लगाया गया है, ।



> **शुभ मुहूर्त पर हुआ शुभारंभ**
> कार्यक्रम का समय पहले दोपहर 3 बजे तय था, किंतु शुभ मुहूर्त को ध्यान में रखते हुए इसे शाम 5 बजे आयोजित किया गया। विधायक सिसोदिया ने गाड़ियों का पूजन कर उन्हें पुलिस बल को सुपुर्द किया।

### गाँव हिंगोरिया छोटा में कृषि उद्यमी प्रशिक्षण के लिए ग्रामीण क्षेत्र के युवक करें आवेदन

**मंदसौर।** सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया, ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान, आरसेटी, मंदसौर के अधिकारी द्वारा बताया गया कि सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया, ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान, आरसेटी, मंदसौर के द्वारा आपके गांव हिंगोरिया छोटा तहसील मल्हारगढ मे कृषि उद्यमी (पशुपालन) का 13 दिवसीय प्रशिक्षण प्रारंभ होने जा रहा है। इस प्रशिक्षण का लाभ ग्रामीण अंचल की युवतिया जिनकी आयु 18 से 45 वर्ष के बीच को ही मिलेगा। इच्छुक प्रशिक्षणार्थी 7 सितम्बर 2025 रविवार समय प्रात: 11 बजे से अपने दो 2 नये पासपोर्ट साईज फोटो, आधार कार्ड, बैंक पासबुक, राशन कार्ड एंव समग्र आईडी, कार्ड की छायाप्रति के साथ आवेदन पत्र पंचायत भवन, गाँव हिंगोरिया छोटा में रविना प्रजापति मोबाइल न. 7999852839 को जमा करवाए.

### विद्यार्थी विज्ञान मंथन परीक्षा - छात्रों के लिए सुनहरा अवसर

**मंदसौर।** विद्यार्थियों में विज्ञान के प्रति रुचि और वैज्ञानिक सोच विकसित करने के उद्देश्य से विद्यार्थी विज्ञान मंथन परीक्षा आयोजित की जा रही है। यह परीक्षा विज्ञान भारती की पहल पर राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद, राष्ट्रीय विज्ञान संग्रहालय परिषद, संस्कृति मंत्रालय और शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के सहयोग से आयोजित होगी ।कक्षा 6 से 11 वीं तक के छात्र इसमें भाग ले सकते हैं। पंजीकरण की अंतिम तिथि 30 सितम्बर 2025 निर्धारित है। परीक्षा 28 नवम्बर से 9 दिसम्बर 2025 के बीच ऑनलाइन आयोजित होगी। राज्य स्तरीय परीक्षा दिसम्बर 2025 में और राष्ट्रीय स्तर की परीक्षा 17 एवं 18 मई 2026 को होगी। पंजीकरण शुल्क 200 रुपये रखा गया है ।चयनित विद्यार्थियों को राज्य एवं राष्ट्रीय शिविरों में वैज्ञानिक प्रयोग, समस्या समाधान, रचनात्मक गतिविधियों और नेतृत्व विकास का अवसर मिलेगा। साथ ही, उन्हें ढ्ढस्क्रह्र, ष्टस्ढ्ढक्र, ङ्खक्रष्ट जैसे प्रतिष्ठित वैज्ञानिक संस्थानों में प्रशिक्षण व इंटर्नशिप का भी लाभ प्राप्त होगा।



### 100 फ़ीसदी परीक्षा परिणाम पर हरनावदा हाई स्कूल की प्राचार्य कीर्ति चौरसिया सम्मानित

**भानपुरा। तहसील भानपुरा के हरनावदा हाई स्कूल की प्राचार्या श्रीमती कीर्ति चौरसिया को शत-प्रतिशत परीक्षा परिणाम दिलाने पर शिक्षक दिवस के अवसर पर सम्मानित किया गया। मंदसौर जिला मुख्यालय स्थित लाल बहादुर शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में आयोजित गरिमामय समारोह में जिला कलेक्टर श्रीमती अदिति गर्ग ने उन्हें पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया।**

इस अवसर पर कलेक्टर ने प्राचार्या चौरसिया को बधाई देते हुए आगामी सत्र में भी पूरे समर्पण और निष्ठा के साथ शिक्षण कार्य जारी रखने का संदेश दिया।

> विद्यालय एवं तहसील में इस उपलब्धि पर हर्ष का वातावरण है। प्राचार्या ने सफलता का श्रेय विद्यालय परिवार, ग्राम पंचायत वासियों और विद्यार्थियों की मेहनत को दिया। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी बेहतर परिणाम लाने के लिए पूरा प्रयास जारी रहेगा। इस उपलब्धि पर नगर भानपुरा के संयुक्त तंबोली, सूर्यवंशी एवं कुमरावत समाज ने भी उन्हें बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं।

उल्लेखनीय है कि प्राचार्या चौरसिया लंबे समय से शिक्षा के क्षेत्र में अपनी लगन और ऊर्जा से कार्य कर रही हैं। उनके प्रयासों से हरनावदा हाई स्कूल ने लगातार शत-प्रतिशत परीक्षा परिणाम प्राप्त कर क्षेत्र का गौरव बढ़ाया है।



### प्राचार्य जगदीशचंद्र राठौर का सम्मान किया

**नाहरगढ।** शत प्रतिशत परिक्षा परिणाम पर हाई स्कूल झलारा के प्रचार्या जगदीशचंद्र राठौर को शिक्षक दिवस के अवसर पर मंदसौर जिला कलेक्टर श्रीमती अदिति गर्ग ने हाई स्कूल में 100% परिणाम के लिए पुरस्कृत कर सम्मानित किया। यह आयोजन शिक्षक दिवस पर लाल बहादुर शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मैं आयोजन मे किया। गरिमामय कार्यक्रम में जिला कलेक्टर ने उन्हें इस शानदार परीक्षा परिणाम पर बधाई देते हुए इस सत्र में भी अपना शिक्षण कार्य पर पूरी लग्न एवं निष्ठा के समर्पण के साथ जुट जाने का संदेश दिया।

हाई स्कूल परीक्षा परिणाम 2025 में 100% परिणाम देने वाले विद्यालयों को सम्मानित किया गया उसी क्रम में हाई स्कूल झलारा के प्राचार्य जगदीश चंद्र राठौर को भी सम्मानित किया गया विद्यालय के प्राचार्य सहित। शिक्षक एवं शिक्षिकाओं की मेहनत का परिणाम है पूरे विद्यालय परिवार को बहुत-बहुत बधाई शुशुभकामनाएं।

**एक नजर** | शिविर का उद्देश्य युवाओं को रक्तदान जैसे पुनीत कार्य के लिए प्रेरित करना है

## गरोठ में मुस्लिम समाज द्वारा रक्तदान शिविर, 60 यूनिट रक्त एकत्रित

**गरोठ। जश्ने ईद मिलादुन्नबी के पावन अवसर पर मुस्लिम समाजजनों ने सेवा और इंसानियत की मिसाल पेश करते हुए रक्तदान शिविर का आयोजन किया। खिदमत-ए-खल्क ग्रुप गरोठ द्वारा आयोजित इस शिविर में 60 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया।**




शासन और स्वास्थ्य मिशन के तहत जिला प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे रक्तदान जीवनदान अभियान का असर अब जनजागरण में स्पष्ट दिखने लगा है। अस्पतालों व मेडिकल कॉलेजों में अक्सर रक्त की कमी से मरीजों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इसी को देखते हुए मुस्लिम समाज के युवाओं ने पर्व को सेवा भाव के साथ मनाने का संकल्प लिया और चल समारोह निकालने के बाद रक्तदान शिविर आयोजित किया।

ग्रुप के सदस्यों ने बताया कि शिविर का उद्देश्य युवाओं को रक्तदान जैसे पुनीत कार्य के लिए प्रेरित करना है। इस अवसर पर अय्युब अगवान, फैजान अहमद, निजाम जिंद्रान, मोईन अगवान, शाहरुख मंसूरी, रईस अगवान, वसीम कुरैशी, अनस मंसूरी, हकीम अगवान, शाहरुख शाह, शफी कुरैशी, सईद शाह सहित समाज के वरिष्ठजन उपस्थित रहे।

# नीमच

## एक नजर में

### अनत चतुर्थी पर जगह जगह गणेश मूर्ति का विसर्जन



**नीमच।** शनिवार को शहर में गणपति बप्पा को पुरे दस दिन पूजा अर्चना के बाद बिदाई दी गयी। शहर के लोग अपने अपने वाहन से बाप्पा को कार स्कूटर में बिठा कर लाये विधिवत पूजा अर्चना कार बाप्पा को विदाई दी गयी ।शहर में मेन विजय टाकीज चौरहा भारत माता चौरहा दशहरा मैदान में विराजित गणेश को देर रात तक विसर्जित किया गया।

### तलाकशुदा विधवा पोरवाल युवक –युवती परिचय सम्मेलन

**नीमच।** अखिल भारतीय पोरवाल महासभा एवं अखिल भारतीय पोरवाल युवा संगठन के संयुक्त तत्वाधान में तलाकशुदा विधवा के लिए एक दिवसीय परिचय सम्मेलन आगामी 17 सितंबर को नीमच में आयोजित होने जा रहा .है कार्यक्रम के संयोजक मांगीलाल सेठिया ने बताया कि कार्यक्रम को लेकर अखिल भारतीय पोरवाल महासभा एवं युवा संगठन ने कुछ नियम बनाए हैं जो भी इस कार्यक्रम में सम्मिलित होना चाहता है या अपना बायोडाटा प्रस्तुत करना चाहता है वह कृपया500 शुल्क निर्धारित किया गया है जमा करा कर अपना परिचय उसमें रख सकता है साथ ही एक पुस्तिका का प्रकाशन किया जाएगा जो भी पत्रिका खरीदना चाहता है वह 500 जमा करा कर ले सकता है एक प्रवेशिका के साथ में तीन जनों की अनुमति रहेगी पत्रिका में जो भी सहयोग देना चाहता है वह 1100 में अपना फोटो पत्रिका में प्रकाशित कर सकता है पत्रिका में विज्ञापन 21000 एवं 11000 रुपए निर्धारित किए गए हैं,अपने-अपने नगर में जो भी विधवा महिलाएं तलाकशुदा हो उनके बायोडाटा युवा संगठन के पदाधिकारी एकत्रित करके महामंत्री को भेजें

### कलेक्टर एवं एसपी ने किया गणेश जी विसर्जन स्थलों का निरीक्षण



**नीमच ।** कलेक्टर हिमांशु चंद्रा एवं पुलिस अधीक्षक श्री अंकित जायसवाल ने शनिवार को गणेशजी विसर्जन स्थल ग्राम चल्दूएनदी व मोरवन जलाशय का निरीक्षण कर जिला प्रशासन द्वारा गणेशजी की प्रतिमाओं के विसर्जन के लिए की गई क्रेनए नावए गोताखोर एसडीआरएफकी टीमएचिकित्सा टीम मय एम्बुलेंस की व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने एसडीआर एफकी टीम को निर्देश दिए कि वे अलर्ट रहे। इस मौके पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री नवलसिंह सिसोदियाए एसडीम श्री संजीव साहूए श्रीमती प्रीति संघवीए तहसीलदार नवीन गर्गए श्री शत्रुघ्न चतुर्वेदीए श्री कमलेश डुड़वेए चिकित्सक डॉण्विजय भारतीए एसडीओपी थाना प्रभारी एवं पुलिस जवानों की टीम स्थानीय सरपंच एवं ग्राम पंचायत की टीम एसडीआरएफकी टीमए होमगार्ड एवं स्वास्थ्य विभाग की टीम के सदस्यगण थे।

## नेत्रदान पखवाड़े के अंतर्गत पचास व्यक्तियों ने शिविर में नेत्रदान का संकल्प लिया

> भारत विकास परिषद सुभाष शाखा एवं गोमाबाई नेत्रालय के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित शिविर में 120 व्यक्तियों का नेत्र परीक्षण किया गया

**नीमच , 05 सितंबर**

**विश्व नेत्रदान पखवाड़ा - 2025 के अंतर्गत गुरुवार 04 सितंबर को जिला मुख्यालय नीमच के ग्वालटोली क्षेत्र में भारत विकास परिषद सुभाष शाखा नीमच और गोमाबाई नेत्रालय के संयुक्त तत्वावधान में सम्पन्न वृहद नि:शुल्क नेत्र परीक्षण एवं रोग निदान शिविर में नेत्रदान पखवाड़े के संदर्भ में अंधत्व निवारण अभियान की सफलता में नेत्रदान की महत्ता को समझते हुए 50 व्यक्तियों ने मरणोपरांत नेत्रदान का संकल्प लेकर घोषणा पत्र भरे।**

नेत्रालय प्रबंधन द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, ग्वालटोली क्षेत्र स्थित कालका माता मंदिर परिसर में आयोजित शिविर में गोमबाई नेत्रालय नीमच के विशेषज्ञों और सहायकों के दल ने 120 व्यक्तियों का नि:शुल्क नेत्र परीक्षण कर आवश्यकतानुसार रोग निदान हेतु आवश्यक परामर्श एवं नेत्र रोगों से बचाव के लिए महत्वपूर्ण जानकारियां भी प्रदान की गई । नेत्र चिकित्सकों के सुझाव के अनुरूप 66 नेत्र रोगियों को उपचारार्थ दवाइयां एवं चश्में भी नि:शुल्क प्रदान किये गए। परीक्षण में 6 व्यक्तियों को मोतियाबिंद ऑपरेशन की सलाह दी गई ।




> इस विशेष शिविर के सफलतापूर्वक संचालन में भारत विकास परिषद सुभाष शाखा के अध्यक्ष ललित राठी , सचिव मनीष गर्ग ,कोषाध्यक्ष राकेश खंडेलवाल तथा महिला विंग की प्रमुख मीनाक्षी मालू एवं सदस्यों ने उत्साहपूर्वक सहयोग प्रदान किया ।

### झिलमिल झांकियों के साथ गणपति विसर्जन

**गरोठ।** नगर में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी अनंत चतुर्दशी पर्व उल्लास और भक्ति भाव के साथ मनाया गया। सुबह हवन-पूजन के बाद गणपति विसर्जन का क्रम दोपहर से देर रात तक चलता रहा। गरोठ नगर में इस बार लगभग 35 स्थानों पर गणपति प्रतिमाओं की स्थापना की गई थी, जिनका विसर्जन नदियों, तालाबों और निर्धारित स्थलों पर किया गया।



विशेष आकर्षण खाचरोद से आई दो रंगारंग झांकियां रहीं, जिनमें पौराणिक कथाओं और धार्मिक प्रसंगों का सुंदर मिश्रण देखने को मिला। भगवान श्रीकृष्ण से मिलने पहुंचे सदाशिव गोकुल और कडु भट उत्तरमुखी हनुमान मंदिर भक्त मंडल द्वारा तैयार झांकियां श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध करती रहीं.

**एक नजर** | कलेक्टर के मार्गदर्शन में पूरे जिले में जन सुरक्षा एवं सुविधा के पुख्ता इंतजाम किए गए

## जिला प्रशासन द्वारा विसर्जन स्थलों पर सुरक्षा और सुविधा के अभूतपूर्व प्रबंध

**नीमच 6 सितम्बेर गणेशोत्सव के पावन समापन अवसर पर जिलेभर में गणेश प्रतिमाओं के विसर्जन केलिए नीमच जिला प्रशासन द्वारा अभूतपूर्व और ऐतिहासिक तैयारियां सुनिश्चित की गई हैं। कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा के मार्गदर्शन में पूरे जिले में जन सुरक्षा एवं सुविधा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं।**

सुरक्षा और व्यवस्था के विशेष प्रबंध बड़े विसर्जन स्थलों पर प्रतिमाओं के सुरक्षित और गरिमामय विसर्जन हेतु प्रशासन ने आधुनिक क्रेन और जेसीबी की व्यवस्था की है ।प्रकाश और बिजली बैकअपएरात में भी विसर्जन कार्य निर्विघ्न हो सकेए इसके लिए अतिरिक्त रोशनी और बिजली बैकअप की अभूतपूर्व व्यवस्था की गई है। बेरीकेटिंग्सए आमजनों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए जल निकायों के आसपास मजबूत बैरिकेड्स लगाए हैं।



जनसुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता

गोताखोर व होमगार्ड टीमए नावों के साथ प्रशिक्षित गोताखोर और होमगार्ड जवान हर विसर्जन स्थल पर तैनात किए गए हैंए ताकि किसी भी आपात स्थिति में त्वरित बचाव कार्य किया जा सके ।चिकित्सा दल व एंबुलेंसए हर बड़े स्थल पर चिकित्सा दल व एंबुलेंस की तैनाती की गई हैए जिससे आपातकालीन स्थिति में तुरंत उपचार सहायता मिल सके। इसके साथ ही नगरपालिका, जनपद पंचायत, एमपीईबी, पीडब्ल्यूडीए होमगार्डए सीएमएचओ, आरईएस समेत सभी विभागों के अधिकारियों को भी विसर्जन स्थलों पर तैनात किया गया हैं। कलेक्टर ने गणेश जी की प्रतिमा विसर्जन की मर्यादा और गरिमा बनाए रखने के स्पष्ट निर्देश सभी संबंधितों दिए हैं।



### जावद जेल में तनाव मुक्ति एवं मेडिटेशन कार्यक्रम

**नीमच। च्जब व्यक्ति अपनी ज्ञानेन्द्रियों पर नियंत्रण खो देता है तो उसकी सभी कर्मेन्द्रियां मनमानी करते हुए अनेक ऐसे कार्य कर बैठती है जिसका जीवन भर पश्चाताप करना पड़ता है, किन्तु यदि राजयोग मेडिटेशन के आधारमूर्त्त आत्म ज्ञान को समझकर अपना जीवन यापन करें तो न जीवन में कभी तनाव होगा और न ही कोई कर्म ऐसा होगा जिसका पश्चाताप करना पड़े ।''** उक्त विचार ब्रह्माकुमारी संस्थान की सबझोन संचालिका राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी सविता दीदी ने जावद जेल में उपस्थित लगभग 175 कैदियों के समक्ष व्यक्त करते हुए कहा कि च्च यदि हम अपने मूल स्वरूप आत्मा को समझकर अनुभव कर सकें और सर्वशक्तिवान परमात्मा से बुद्धि का तार जोड़ सकें तो इससे बेहतर और कोई रास्ता नहीं है । जिसपर चलकर अपने जीवन को सुख, शांति सम्पन्न और खुशहाल बना सकते हैं ।'' बी.के. सविता दीदी ने लगभग 25 मिनिट तक अपनी रनिंग कॉमेन्ट्री से ध्यान के उच्च आध्यात्मिक विचार देकर मेडिटेशन करवाया । जिसमें सभी कैदी लीन हो गए एवं परम आनन्द की अनुभूति की । तनाव मुक्ति विशेषज्ञा राजयोगिनी बी.के.श्रुति दीदी ने तनाव के कारण एवं उनके निवारण पर विस्तृत व्याख्या की तथा राजयोग ध्यान पद्धति का दैनिक जीवन में नियमित अभ्यास क्यों जरूरी है इसका महत्व समझाया ।सभी कैदी भाई बहनों ने हाथ खड़े कर सुबह शाम कुछ समय निकालकर मेडिटेशन करने का संकल्प धारण किया ।

### रोटरी डायमंड द्वारा किया शिक्षक सम्मान समारोह संपन्न



**नीमच।** रोटरी क्लब ऑफ नीमच डायमंड द्वारा शिक्षक दिवस के अवसर पर एक भव्य शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नगर के विभिन्न विद्यालयों से आए 30शिक्षकों का शाल, श्रीफल, प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि लोकेन्द्रसिंह परिहार रहे, जबकि अध्यक्षता क्लब अध्यक्ष सौरभ शर्मा ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं वंदे मातरम् गीत के साथ हुआ। मुख्य अतिथि सेवानिर्वत शिक्षक लोकेन्द्रसिंह परिहार ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षक सिर्फ ज्ञान ही नहीं, बल्कि संस्कार और जीवन मूल्यों के मार्गदर्शक होते हैं। क्लब अध्यक्ष ने बताया कि रोटरी हमेशा शिक्षा और सेवा कार्यों को प्राथमिकता देता है । कार्यक्रम का संचालन पूर्व अध्यक्ष दीपक मूंदड़ा एवं रीजनल कोआर्डिनेटर आशीष गर्ग ने किया तथा आभार क्लब सचिव आशीष सैनी ने माना।